**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

**तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग, 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग**

**नई दिल्ली – 110016**

**वेबसाइट: https://apeda.gov.in**

**18 जुलाई, 2023**

**PineApp मेल सेक्युर के लाइसेंस नवीकरण हेतु निविदा सूचना**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (तत्पश्चात एपीडा के रूप में वर्णित किया गया) द्वारा **PineApp मेल सेक्युर मॉडल सं. 2049 KRS के लाइसेंस नवीकरण** हेतु एपीडा वेबसाइट और केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जा रही है।

निविदा दस्तावेज़ को हमारी वेबसाइट https://apeda.gov.in एवं https:\\eprocure.gov.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा संदर्भ | APEDA/IT/2011-12/000026/___ |
| निविदा दस्तावेज़ की आरंभ होने की तिथि | [18 जुलाई 2023] |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय | [02 अगस्त 2023] शाम 5 बजे तक |
| पत्राचार का पता | श्री मान प्रकाश विजय,<br>उप महाप्रबंधक<br>एपीडा, तीसरी और चौथी मंजिल , एन.सी.यू.आई बिल्डिंग, 3, सिरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110016 |
| ई-मेल पता | mpvijay@apeda.gov.in |
| संपर्क दूरभाष नंबर | [011-41486013 / 20863919 / 20867008] |

ह/-

मान प्रकाश विजय

उप महाप्रबंधक (एपीडा)

**1) निविदा प्रक्रिया**

1.1 भारतीय रूपए में एकल मुद्रा विकल्प के साथ खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कार्य किया जाता है।

1.2 'पात्रता मानदंड' के सभी प्रासंगिक सहायक दस्तावेज़ एक ही लिफाफे में जमा करें। मुहरबंद वित्तीय बोली को एक अलग लिफाफे में संलग्न करें। दोनों लिफाफे को एक ही बड़े मुहरबंद लिफाफे में जमा करें , जिस पर 'PineApp मेल सेक्युर के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए बोली ' लिखा हो और **उप महाप्रबंधक** (सी एंड आई), एपीडा एचओ, एपीडा, तीसरी और चौथी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग, 3, सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110016 को संबोधित हो।

1.3 बोलियों का मूल्यांकन- एपीडा द्वारा गठित एक समिति पात्रता मानदंडों के अनुसार बोलियों का मूल्यांकन करेगी। केवल उन्हीं बोलीदाताओं की वित्तीय बोली खोली जाएगी जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और उन्हें 'पात्र बोलीदाता' कहा जाएगा। पात्र बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां समिति के समक्ष खोली जाएंगी और न्यूनतम लागत चयन (एलसीएस) पद्धति पर कार्य सौंपा जाएगा।

**निविदा पर स्पष्टीकरण:**

1.4 इस निविदा से संबंधित सभी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए कृपया स्पष्टीकरण की समय सीमा से पहले **श्री गोविंद गौड़, सहायक प्रबंधक (सी एंड आई)** से **ई- मेल** **govind@apeda.gov.in** पर लिखित में संपर्क करें। स्पष्टीकरण भेजने करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2023 शाम 5 बजे है।

1.5 निविदा के परीक्षण, मूल्यांकन और तुलना में सहायता के लिए , एपीडा द्वारा अपने विवेक से बोलीदाता से स्पष्टीकरण की मांग की जा सकती है। स्पष्टीकरण के लिए अनुरोधों के सभी जवाब केवल लिखित रूप में हों।

**2) पात्रता मानदण्ड**

2.1 कंपनी भारत में उचित कर ( GST) पंजीकरण के साथ पंजीकृत हो (बोलीदाता को निगमन प्रमाणपत्र के साथ विधिवत हस्ताक्षरित और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की मुहर के साथ जीएसटी प्रमाणपत्र की प्रति देनी होगी)।

2.2 कंपनी के पास पूर्ववर्ती 3 वित्तीय वर्षों का 3,00,000/- रूपए या इससे अधिक का टर्नओवर हो। (बोली के साथ सीए प्रमाण पत्र के साथ यूडीआईएन या सीए लेखा परीक्षित बैलेंस शीट संलग्न करें)।

2.3 बोलीदाता को ओईएम प्राधिकृत हो (ओईएम प्राधिकरण पत्र की प्रति को बोली के साथ संलग्न किया जाए)।

2.4 बोलीदाता को किसी भी सरकारी संगठन/पीएसयू/पीएसबी द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया हो। (बोलीदाता को अपने पास उपब्ध लेटर हेड पर यह घोषणा करनी होगी कि उन्हें निविदा प्रस्तुत करने की तिथि के दौरान किसी भी

सरकारी प्राधिकरण/पीएसयू द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है अन्यथा बोली को स्वीकार नहीं किया जाएगा)।

### 3) सामान्य नियम एवं शर्तें

क) एपीडा, अपने विवेक पर निविदा प्रस्तुत करने की समय सीमा बढ़ा सकता है।

ख) एपीडा किसी भी दायित्व को स्वीकार किए बिना किसी भी समय किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार करने / संशोधित करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग) वित्तीय बोली खोलने के दौरान किसी भी बोलीदाता को नहीं बुलाया जाएगा। एपीडा के सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा बोलियों को खोला और मूल्यांकन किया जाएगा।

घ) बोलीदाता को इस निविदा दस्तावेज में दिए गए प्रारूप के अनुसार बोलियों को सख्ती से बोली को प्रस्तुत करना होगा।

ङ) यदि विक्रेता आवश्यकता के अनुसार सही लाइसेंस देने में विफल रहता है , तो एपीडा आदेश को रद्द करने का अधिकार रखता है।

च) **मूल्य:** मूल्य अनुबंध -1 के अनुसार सख्ती से उद्धृत किया जाए। आपूर्ति / सहायता के दौरान वितरण की हर प्रकार की लागत विक्रेता द्वारा वहन की जाएगी। एपीडा द्वारा किसी भी प्रकार की कोई अतिरिक्त लागत का भुगतान नहीं किया जाएगा।

छ) **भुगतान की शर्तें:** कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

भुगतान को सफल आपूर्ति, और Pineapp मेल सेक्युर के उत्पाद लाइसेंस के सक्रिय होने के बाद जारी किया जाएगा।

ज) चयनित बोलीदाता द्वारा लाइसेंस की मौजूदा तिथि 02 सितंबर 2023 को समाप्त होने से पहले और उसके बाद लाइसेंस को वितरित और सक्रिय किया जाएगा। चयनित बोलीदाता द्वारा एपीडा को लाइसेंस प्रमाणपत्र (हार्ड कॉपी) भी प्रदान किया जाए।

झ) लाइसेंस में ओईएम से 24x7 ऑनलाइन सहायता भी शामिल होगी।

### 4. मौजूदा Pineapp मेल सेक्युर उत्पाद का विवरण

Pineapp मेल सेक्युर का विवरण नीचे दिया गया है:

उत्पाद का नाम : Pineapp मेल सेक्युर

उत्पाद का मॉडल : 2049KRS

उत्पाद एस/एन : 298680

इन-बिल्ड एंटीवायरस : Kaspersky

संचालन विशेषताएं : मेल सिस्टम एंड एडवांस्ड ऐंटी स्पैम सिस्टम

ई-मेल उपयोगकर्ता की संख्या : 150-200

**अनुलग्नक -1**

## वित्तीय बोली का प्रारूप

| क्र.सं. | उत्पाद विवरण | मात्रा | एक वर्ष के लिए 24x7 ऑनलाइन ओईएम सहायता शुल्क सहित इकाई मूल्य | कर राशि | कुल मूल्य (सभी करों सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | (क) | (ख) | (ग) | घ= (ख+ग) |
| 1 | Pineapp मेल सेक्युर-<br>इस टीओआर दस्तावेज़ के बिंदु सं. 4 के अनुसार उत्पादों का विवरण | 01 | | | |
| | | | | कुल= | |

**प्राधिकृत हस्ताक्षर**

**कंपनी स्टैम्प**

**नाम:**

**पद:**

**संपर्क विवरण:**